मड़धूरा से संचालित होगा इंजीनियरिंग कॉलेज

पिथौरागढ़, संवाददाता। सीमांत का नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट भविष्य में मड्धूरा से ही संचालित होगा। अभ्योदय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यहां पहुंचे कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मड़धुरा परिसर के लिए सरकार व विश्वविद्यालय स्तर पर जरुरी कार्य प्रगति पर है। उन्होंने जीआईसी व मड़धुरा परिसर के भवन, प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया।

सोमवार को नगर के जीआईसी क्षेत्र स्थित एसआईटी में तीन दिवसीय अभ्योदय कार्यक्रम का रंगारंग आगाज हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी देहरादून के कुलपति प्रो. सिंह मौजूद रहे। एनसीसी कैडेट्स ने उनका गार्ड ऑफ आनर व कैंपस निदेशक प्रो. अजीत सिंह ने शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। बाद में उन्होंने विधिवत दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान संस्कृति छोलिया नृत्य, भांगड़ा नृत्य, लावण्या, गरबा को प्रदर्शित किया। संचालन प्रो. तरुण महरा, प्रो. हेमंत कुमार जोशी, प्रो. हेमंत कुमार, डॉ. पुनीत चन्द्र वर्मा ने किया।